रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-20112026-278093
CG-DL-E-20112026-278093

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 686] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 19, 2026/कार्तिक 28, 1948
No. 686] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 19, 2026/KARTIKA 28, 1948

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 नवम्बर, 2026

सं. एल–1/261/2021/सीईआरसी.— केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 की उप–धारा (1) के खण्ड (ग) और धारा 40 के खण्ड (ग), धारा 38 की उप–धारा (2) के खण्ड (घ), धारा 2 के खण्ड (47) के साथ पठित धारा 178 की उप–धारा (2) के खण्ड (यङ) और धारा 178 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस निमित्त सामर्थ्यकारी सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा पूर्व प्रकाशन के पश्चात्, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्तर–राज्यिक पारेषण प्रणाली की संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) विनियम, 2022 (जिसे इसके पश्चात् 'मूल विनियम' कहा गया है) का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:–

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ

1.1 इन विनियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्तर–राज्यिक पारेषण प्रणाली की संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) (चौथा संशोधन) विनियम, 2026 या 'चौथा संशोधन विनियम' है।

1.2 ये विनियम शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. विनियम 2.1 में नई परिभाषा

2.1 मूल विनियमों के विनियम 2.1 में खंड (ख) के बाद एक नया खंड, यथा, खंड (ख–i) निम्नानुसार अंतर्वेशित किया जाएगाः

"(ख–i) "प्राधिकारी" का वही अर्थ होगा जैसा कि अधिनियम की धारा 2 के उप–खंड–6 में यथा परिभाषित है;"

2.2 मूल विनियमों के विनियम 2.1 में खंड (ब) के बाद चार नए खंड, यथा, खंड (ब–i), खंड (ब–ii), खंड (ब–iii) और खंड (ब–iv) निम्नानुसार अंतर्वेशित किए जाएंगेः

"(ब–i) "भूमि बीजी" से मूल विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (vii)(ग) या खंड (xi)(ग) के अधीन प्रस्तुत की गई बैंक गारंटी अभिप्रेत है;

(ब–ii) "भूमि बीजी रूट" से इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(ग) के अधीन कवर किया गया रूट अभिप्रेत है;

(ब–iii) "भूमि रूट" से इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(ख) के अधीन कवर किया गया रूट अभिप्रेत है;

(ब–iv) "एलओए रूट" या "पीपीए रूट" से इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के अधीन कवर किया गया रूट अभिप्रेत है;"

3. नया विनियम 3.10

3.1 मूल विनियमों के विनियम 3.9 के बाद एक नया विनियम, यथा, विनियम 3.10 निम्नानुसार जोड़ा जाएगाः

"3.10 इन विनियमों के विनियम 3.7 से 3.9 में किसी बात के होते हुए भी, कोई इकाई निम्नलिखित के अध्यधीन संपूर्ण संयोजकता मात्रा (किसी आंशिक आहरण की अनुमति नहीं होगी) का आहरण मांगने की पात्र होगीः

(क) उन मामलों में जहाँ संयोजकता का अंतिम अनुदान जारी किया गया है और समयावधि दो वर्ष या उससे अधिक है;

(i) संयोजकता के सिद्धांततः अनुमोदन की सूचना की तारीख और संयोजकता के अंतिम अनुदान की सूचना की तारीख के बीच, या

(ii) संयोजकता के सिद्धांततः अनुमोदन में सूचित 'संयोजकता की संभावित आरंभ तारीख' और संयोजकता के अंतिम अनुदान में सूचित संयोजकता की आरंभ तारीख (अनंतिम या निश्चित) के बीच,

और

संयोजकता के अंतिम अनुदान की सूचना से 45 दिनों की अवधि के भीतर नोडल एजेंसी को आहरण के लिए अनुरोध किया गया है।

(ख) उन मामलों में जहाँ संयोजकता का अंतिम अनुदान संयोजकता के सिद्धांततः अनुदान की सूचना की तारीख से दो वर्ष पूरा होने के बाद भी जारी नहीं किया गया है, ऐसी इकाई संयोजकता के सिद्धांततः अनुदान की सूचना से दो वर्ष पूरा होने से 45 दिनों की अवधि के भीतर, इस विनियम के अधीन संयोजकता की संपूर्ण मात्रा का आहरण भी मांग सकता है।

(ग) नोडल एजेंसी द्वारा आहरण को आवेदक को सूचित करते हुए आहरण आवेदन की तारीख से 15 दिनों के भीतर संसाधित किया जाएगा।

(घ) यदि नोडल एजेंसी द्वारा आहरण आवेदन को स्वीकृत किया जाता है, तो सभी बीजी (कॉन–बीजी और भूमि बीजी, यथा लागू) वापस की जाएंगी।

(ङ) संयोजकता के आहरण पर आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।"

4. मूल विनियमों के विनियम 4.1 का संशोधनः

4.1 मूल विनियमों के विनियम 4.1 के खंड (ग) में शब्दों "लीड ईएसएस या लीड जेनरेटर" से पहले शब्द "विद्युत क्षमता (मेगावाट में) के दोगुना के रूप में न्यूनतम ऊर्जा क्षमता (मेगावाट घंटा में) के साथ" और शब्दों "लीड ईएसएस या लीड जेनरेटर" के बाद "या प्रणाली आवश्यकता के अनुसार प्राधिकारी द्वारा यथा अधिसूचित" जोड़े जाएंगे।

5. मूल विनियमों के विनियम 4.2 का संशोधनः

5.1 मूल विनियमों के विनियम 4.2 में शब्दों "विनियम 4.1" से पहले शब्दों "इन विनियमों के" और शब्दों "विनियम 4.1" के बाद शब्दों "और विनियम 5.1" को अंतर्वेशित किया जाएगा।

6. नए विनियम 4.7 और 4.8

6.1 मूल विनियमों के विनियम 4.6 के बाद नए विनियम, यथा, विनियम 4.7 विनियम और 4.8 निम्नानुसार जोड़े जाएंगेः

"4.7 पृथक रूप से 50 मेगावाट या उससे अधिक की संस्थापित क्षमता के साथ या लीड उत्पादक या लीड ईएसएस के माध्यम से 50 मेगावाट या उससे अधिक की संस्थापित क्षमता के साथ कोई आरईजीएस या ईएसएस इन विनियमों के विनियम 4.5(क) के अधीन कवर किए गए के अलावा सबस्टेशनों पर गैर–सौर घंटा पहुंच के लिए संयोजकता मांग सकता है। आवेदन इन विनियमों के अनुबंध–IV के खंड 2क के अनुसार संसाधित किया जाएगा। सीटीयूआईएल, गैर–सौर घंटा पहुंच के लिए उपलब्ध मार्जिन के साथ ऐसे सबस्टेशनों की सूची प्रकाशित करेगा और इसे मासिक आधार पर अद्यतित करेगा।

4.8 इन विनियमों के विनियम 4.1 के अधीन संपूर्ण दिवस पहुंच के साथ संयोजकता के अनुदान हेतु आवेदन को, परामर्श बैठक के दौरान घोषित किए गए मार्जिन की उपलब्धता के आधार पर इन विनियमों के अधीन 'सौर घंटा पहुंच या' या 'गैर सौर घंटा पहुंच' के लिए आवेदन में परिवर्तित किया जा सकता है। ऐसे मामलों में, आवेदक के अपनी लिखित सहमति प्रस्तुत करने के बाद, नोडल एजेंसी सौर घंटा पहुंच या गैर सौर घंटा पहुंच, यथास्थिति, के साथ संयोजकता के अनुदान हेतु लागू उपबंधों के अनुसार ऐसा आवेदन संसाधित करेगी। इसका विपरीत भी लागू होगा।"

7. मूल विनियमों के विनियम 5.1 का संशोधनः

7.1 मूल विनियमों के विनियम 5.1 के द्वितीय परंतुक के बाद एक नया परंतुक निम्नानुसार जोड़ा जाएगाः

"परंतु यह भी कि अंतःक्षेपण बिंदु (पीओआई) (जैसा कि नोडल एजेंसी द्वारा अध्ययन के बाद पुष्टि की गई है) पर rduhdh अनुपालनों को पूरा करने के लिए क्षमता की संगणना आईएसटीएस पर संयोजकता मांगने के उद्देश्य हेतु संस्थापित क्षमता के अधीन नहीं की जाएगी।"

8. मूल विनियमों के विनियम 5.2 का संशोधनः

8.1 मूल विनियमों के विनियम 5.2 के खंड (क) शब्दों "आवेदन करेगा" से पहले शब्दों "(लागू करों सहित, क्षमता 50 मेगावाट और उससे अधिक के लिए रु. 5 लाख, और 50 मेगावाट से कम क्षमता के लिए रु. 1 लाख के साथ)" को अंतर्वेशित किया जाएगा।

8.2 मूल विनियमों के विनियम 5.2 के खंड (ज) के अंत में शब्द "(भूमि बीजी के मामले में, यह मौजूदा संयोजकता अनुदानग्राही द्वारा या अतिरिक्त क्षमता संस्थापित करने वाली इकाई द्वारा प्रस्तुत की जा सकती है)"।

8.3 मूल विनियमों के विनियम 5.2 के अधीन खंड (ट) के बाद चार नए खंड, यथा, खंड (ठ), खंड (ड), खंड (ढ) और (ण) निम्नानुसार जोड़े जाएंगेः

"(ठ) यदि अतिरिक्त क्षमता ईएसएस है, तो ऐसे ईएसएस केवल ऐसे ईएसएस को चार्ज करने के उद्देश्य हेतु आरईजीएस संस्थापित कर सकते हैं। ऐसे आरईजीएस की संस्थापित क्षमता आवेदन में इंगित की जाएगी और भूमि या वित्तीय समापन के लिए विनियम 5.8 या विनियम 11क के अधीन दस्तावेजों की आवश्यकता ऐसे आरईजीएस के लिए लागू नहीं होगी।

(ड) यदि मौजूदा संयोजकता अनुदानग्राही संयोजकता त्यागता है या उसकी संयोजकता का प्रतिसंहरण होता है, तो संयोजकता की संपूर्ण मात्रा के लिए, इन विनियमों के विनियम 5.2 के अधीन क्षमता के संयोजन को त्याग किया गया या प्रतिसंहृत माना जाएगा। तथापि, यदि मौजूदा संयोजकता अनुदानग्राही संयोजकता की आंशिक मात्रा को त्यागता है या उसकी आंशिक संयोजकता प्रतिसंहृत होती है, तो इन विनियमों के विनियम 5.2 के अधीन क्षमता का संयोजन शेष संयोजकता की मात्रा तक सीमित होगी और बची हुई मात्रा, यदि कोई हो, प्रतिसंहृत होगी।

(ढ) यदि अतिरिक्त क्षमता तकनीकी अनुपालन को पूरा करने के लिए है तो ऐसी क्षमता के लिए इन विनियमों के खंड (ङ), (छ), (ज), (झ) लागू नहीं होंगे।

(ण) यदि अतिरिक्त क्षमता जो कि इस विनियम के खंड (ढ) के अधीन कवर नहीं है और जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त सौर घंटा पहुंच या गैर–सौर घंटा पहुंच प्राप्त नहीं होती है, वहां ऐसी क्षमता के लिए इस विनियम के खंड (ङ), (ज) और (झ) लागू नहीं होंगेः

परंतु यह कि खंड (झ) इन विनियमों के विनियम 24 के अनुसार ऐसी अतिरिक्त क्षमता की सीओडी प्राप्त करने की सीमा तक लागू होगा।"

9. मूल विनियमों के विनियम 5.6 का संशोधनः

9.1 मूल विनियमों के विनियम 5.6 के मुख्य पैराग्राफ में शब्दों "[विनियम 4.1 (ङ) के अधीन आवेदन]" को हटाया जाएगा।

10. मूल विनियमों के विनियम 5.8 का संशोधनः

10.1 मूल विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (vii) के उप–खंड (ख) में शब्दों "भूमि उपयोग अधिकारों" के बाद शब्द "या सब–लीज दस्तावेजों (जहाँ सब–लीज को लीज अनुमति देती है)" अंतर्वेशित किए जाएंगे, और प्रथम परंतुक के बाद निम्नलिखित परंतुक को जोड़ा जाएगाः

"परंतु यह और कि ऐसे सब–लीज़ दस्तावेजों की अनुमति केवल (i) पेरेंट और सब्सीडायरी (सब्सीडायरीज) के बीच और उनके विपरीत के बीच या समान पेरेंट के सब्सीडायरी (सब्सीडायरीज़) के बीच या (ii) उस मामले में जहाँ लीज़ की गई सरकारी भूमि को सरकारी नीति के अधीन अन्य इकाई को सब–लीज़ किया गया है, के लिए होगी।"

10.2 मूल विनियमों के विनियम 5.8 के परंतुक (ii) और (iii) से खंड (xi)(क) को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाएगाः

"(ii) किसी आवेदक के बहु–अवस्थित आरईजीएस होने के मामले में, जहाँ एकल एलओए या पीपीए बहुविध स्थानों पर परियोजनाओं की स्थापना प्रदान करता है, तो आवेदक एक या उससे अधिक स्थानों पर ऐसे एलओए या पीपीए के आधार पर उस मात्रा के लिए संयोजकता प्राप्त करने का पात्र होगा जिसके लिए एलओए प्रदान किया गया है या पीपीए निष्पादित किया गया है या ऐसे स्थान पर एलओए या पीपीए में संस्थापित क्षमता प्रदत्त है, इनमें से जो भी कम हो। यदि संयोजकता किसी भी स्थान (इस परंतुक के उप–खंड (iii) के अधीन) एलओए या पीपीए की आंशिक मात्रा और भूमि या भूमि बीजी का आंशिक मात्रा का उपयोग करते हुए मांगी गई है, तो ऐसे स्थान पर उपयोग की जाने वाली एलओए या पीपीए की मात्रा पहले संयोजकता की मात्रा तक उपयोग की जाएगी, इसके पश्चात् एलओए या पीपीए की शेष मात्रा, यदि कोई हो, का उपयोग किसी अन्य स्थान के लिए किया जा सकेगा। शेष क्षमता, यदि कोई हो, के लिए ऐसे किसी स्थान पर जहाँ एलओए या पीपीए की शेष मात्रा ऐसे स्थान पर संस्थापित क्षमता के कम होती है और एलओए या पीपीए में प्रदत्त अन्य स्थानों पर क्षमता के लिए, आवेदक इन विनियमों के विनियम 5.8 (xi)(ख) या विनियम 5.8 (xi)(ग) के अधीन अतिरिक्त क्षमता मांगने का पात्र होगा।

नोटः बहु–अवस्थित आरईजीएस से एक या अधिक राज्यों में अवस्थित और विभिन्न सबस्टेशनों पर संयोजित आरईजीएस अभिप्रेत होगा।

उदाहरणः

किसी इकाई को निम्नलिखित कॉन्फिग्रेशन के साथ 1000 मेगावाट अनुबंधित क्षमता के लिए एलओए प्राप्त हुआः

स्थान सं.	संस्थापित क्षमता और स्रोत	स्थान	पात्रता	टिप्पणी
1.	600 मेगावाट सौर	राजस्थान	एलओए का उपयोग करते हुए स्थान सं. 1 पर 600 मेगावाट संयोजकता ली जा सकती है	इकाई एलओए का उपयोग करते हुए 600 मेगावाट से कम के लिए संयोजकता मांगने का पात्र नहीं होगी यदि वह आंशिक मात्रा के लिए भूमि या भूमि बीजी का उपयोग करते हुए इस स्थान पर कुल 600 मेगावाट के लिए संयोजकता मांगने की इच्छुक है
2.	500 मेगावाट पवन	एपी	एलओए का उपयोग करते हुए 400 मेगावाट संयोजकता ली जा सकती है, और 100 मेगावाट के लिए, भूमि या भूमि बीजी प्रस्तुत की जाएगी	इकाई एलओए का उपयोग करते हुए 400 मेगावाट (एलओए मात्रा घटा स्थान सं.1 पर मांगी गई संयोजकता) से कम के लिए संयोजकता मांगने का पात्र नहीं होगी यदि वह आंशिक मात्रा के लिए भूमि या भूमि बीजी का उपयोग करते हुए इस स्थान पर कुल 400 मेगावाट के लिए संयोजकता मांगने की इच्छुक है
3.	200 मेगावाट सौर	तेलंगाना	भूमि या भूमि बीजी	

(iii) इस खंड के उप–खंडों (i) और (ii) के अधीन कवर किए गए आवेदक के लिए, जहाँ एलओए या पीपीए मात्रा उस स्थान पर एलओए में उल्लिखित संस्थापित क्षमता से कम है जिस पर ऐसे एलओए के आधार पर संयोजकता मांगी गई है और इकाई ऐसे स्थान पर एलओए या पीपीए मात्रा से अधिक मात्रा के लिए संयोजकता मांगने की इच्छुक है, तो वह आंशिक मात्रा के लिए एलओए या पीपीए के साथ एकल आवेदन के माध्यम से और ऐसे स्थान के लिए संयोजकता की शेष मात्रा के लिए इन विनियमों के विनियम 5.8(xi) के खंड (ख) या खंड (ग) के आधार पर दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है। नोडल एजेंसी, मांगी गई संयोजकता की संपूर्ण मात्रा को एकल उत्पादन स्टेशन, जहाँ ऐसे स्थान पर एलओए या पीपीए के आधार पर ऐसे उत्पादन स्टेशन के लिए एससीओडी पर विचार किया जाएगा, के रूप में मानते हुए ऐसे स्थान पर ऐसी संयोजकता का अनुदान संसाधित करेगी। इन विनियमों के विनियम 11क के अधीन भूमि दस्तावेज के अनुपालन को विनियम 5.8(xi) के खंडों (ख) या (ग) क अधीन कवर की गई संयोजकता की मात्रा के लिए पूरा किया जाएगा। किसी ऐसे स्थान पर ऐसे उत्पादन स्टेशन के लिए एससीओडी, इन विनियमों के विनियम 24.6(1)(क) के प्रयोजन हेतु, एलओए या पीपीए की होगी।"

10.3 मूल विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi) के उप–खंड (ख) में शब्दों "भूमि उपयोग अधिकारों" के बाद शब्द "या सब–लीज दस्तावेजों (जहाँ सब–लीज को लीज अनुमति देती है)" अंतर्वेशित किए जाएंगे, और प्रथम परंतुक के बाद निम्नलिखित परंतुक को जोड़ा जाएगाः

"परंतु यह और कि ऐसे सब–लीज़ दस्तावेजों की अनुमति केवल (i) पेरेंट और सब्सीडायरी (सब्सीडायरीज) के बीच और उनके विपरीत के बीच या समान पेरेंट के सब्सीडायरी (सब्सीडायरीज़) के बीच या (ii) उस मामले में जहाँ लीज़ की गई सरकारी भूमि को सरकारी नीति के अधीन अन्य इकाई को सब–लीज़ किया गया है, के लिए होगी।"

10.4 मूल विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(ग) में एक नया परंतुक निम्नानुसार जोड़ा जाएगाः

"परंतु यह कि यदि आवेदक ईएसएस (पम्प्ड भंडारण संयंत्र (पीएसपी) को छोड़कर) है, तो बैंक गारंटी रु. 5 लाख/मेगावाट होगी।"

10.5 मूल विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xii) के मुख्य पैराग्राफ में शब्दों "ईएसएस (पम्प्ड भंडारण संयंत्र (पीएसपी) को छोड़कर" के बाद शब्द "या नवीकरणीय विद्युत पार्क विकासकर्ता" अंतर्वेशित किए जाएंगे।

11. मूल विनियमों के विनियम 5.10 का संशोधनः

11.1 मूल विनियमों के विनियम 5.10 के खंड (च) में एक परंतुक निम्नानुसार जोड़ा जाएगाः

"परंतु यह कि भूमि पार्सलों के द्वितीय परिवर्तन की अनुमति इन विनियमों के विनियम 9.3.5 के अनुसार दी जाएगी।"

12. मूल विनियमों के विनियम 5.11 का संशोधनः

12.1 मूल विनियमों के विनियम 5.11 के खंड (ग) में उदाहरण में शब्दों "ईएसएस– 200 मेगावाट" के बाद शब्द "(400 मेगावाट घंटा)" अंतर्वेशित किए जाएंगे और निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगाः

"परंतु यह कि ऐसे आरईजीएस के साथ ईएसएस को पास अपनी विद्युत क्षमता (मेगावाट में) को दोगुना के रूप में न्यूनतम ऊर्जा क्षमता (मेगावाट घंटा में) या प्रणाली आवश्यकता के अनुसार प्राधिकारी द्वारा यथा अधिसूचित होनी चाहिए, जिसके न होने पर ऐसे आरईजीएस के पास गैर–सौर घंटों के दौरान ईएसएस के लिए जीएनए के अधीन अंतःक्षेपण शेड्यूलिंग अधिकार नहीं होंगे।"

13. मूल विनियमों के विनियम 6.3 का संशोधनः

13.1 मूल विनियमों के विनियम 6.3 को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाएगाः

"6.3 नोडल एजेंसी आवेदन (आवेदनों) को बंद करेगी और निम्नलिखित दशाओं में संपूर्ण आवेदन शुल्क के साथ प्रस्तुत की गई बैंक गारंटियाँ, यदि कोई हो, वापस करेगीः

क. नोडल एजेंसी सामान्य नेटवर्क पहुंच के अधीन आईएसटीएस से अधिक विद्युत का अंतरण सक्षम करने के लिए भार उत्पादन शेष या अन्य संबद्ध मामलों के कारण, मौजूदा आईएसटीएस, यदि कोई हो, में संवर्धन की आवश्यकता की पहचान करने के लिए अंतरसंयोजन अध्ययन करने में असमर्थ है।

ख. पहचाना गया संवर्धन (एटीएस सहित या उसके रहित) ऐसे संवर्धन को अनुमोदित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

ग. आवेदन का समापन सुसंगत हितधारकों के साथ परामर्श में नोडल एजेंसी द्वारा बनाए जाने वाली विस्तृत क्रियाविधि के अनुसार होगा।"

14. मूल विनियमों के विनियम 7.2 का संशोधनः

14.1 मूल विनियमों के विनियम 7.2 के मुख्य पैराग्राफ के अंत में शब्द "या ऐसे संवर्धन को अनुमोदित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा पहचाने गए संवर्धन के अनुमोदन से 30 दिनों के अंदर, जो भी बाद में हो" जोड़े जाएंगे।

15. मूल विनियमों के विनियम 9.3 का संशोधनः

15.1 मूल विनियमों के विनियम 9.3 के उप विनियम 9.3.1 में शब्दों "संयोजकता की निश्चित आरंभ तारीख से 18 मास पूर्व" के स्थान पर शब्द "संयोजकता की निश्चित आरंभ तारीख से 6 मास पूर्व" रखे जाएंगे।

15.2 मूल विनियमों के विनियम 9.3 के उप विनियम 9.3.5 के अधीन निम्नलिखित परंतुक जोड़े जाएंगेः

"परंतु यह कि द्वितीय स्रोत परिवर्तन की अनुमति रु. 20,000/मेगावाट (स्रोत की क्षमता के सकल परिवर्तन के लिए) या रु. 10 लाख प्रति आवेदन, जो भी उच्चतर हो, के शुल्क के साथ होगी।

परंतु यह और कि यदि द्वितीय स्रोत परिवर्तन को भूमि पार्सल के परिवर्तन की आवश्यकता है और भूमि पार्सल का एक परिवर्तन (विनियम 5.10 के अनुसार यथा अनुमति प्राप्त) पहले ही पूरा हो चुका है, तो भूमि पार्सलों में द्वितीय परिवर्तन की अनुमति रु.25,000/मेगावाट (स्रोत की क्षमता के सकल परिवर्तन के लिए) या रु. 10 लाख प्रति आवेदन, जो भी उच्चतर हो, के संयुक्त शुल्क के साथ दी जाएगीः

परंतु यह भी कि आवेदन शुल्क की सूचना नोडल एजेंसी द्वारा स्रोत परिवर्तन के लिए अनुमति के साथ दी जाएगी जिसे इकाई द्वारा ऐसी सूचना की तारीख के पंद्रह (15) दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके न होने पर स्रोत के परिवर्तन के लिए अनुमति प्रतिसंहृत कर दी जाएगी।

उदाहरण: मान लीजिए किसी इकाई को विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के अधीन 400 मेगावाट के लिए संयोजकता प्रदान की गई है और उसकी 300 मेगावाटः सौर, 300 मेगावाटः पवन के रूप में संस्थापित क्षमता है।

मान लीजिए इकाई 400 मेगावाटः सौर, 200 मेगावाटः पवन और 50 मेगावाटः ईएसएस के रूप में प्रथम स्रोत परिवर्तन की मांग करती है। प्रथम स्रोत परिवर्तन के बाद, इकाई के पास सौर घंटों में 400 मेगावाट के लिए और गैर सौर घंटों (200 मेगावाट पवन और 50 मेगावाट ईएसएस मानते हुए) के दौरान 250 मेगावाट के लिए अंतःक्षेपण शेड्यूलिंग अधिकार के साथ 400 मेगावाट की संयोजकता होगी।

केस–1: मान लीजिए, संस्थापित क्षमताः 500 मेगावाट सौर–100 मेगावाट पवन और ईएसएस 100 मेगावाट के रूप में स्रोत का द्वितीय परिवर्तन मांगा गया है। ऐसे मामले में, स्रोत में सकल परिवर्तन 200 मेगावाट (। 400–500। + । 200–100। = 200 मेगावाट) और ऐसे परिवर्तन के लिए लागू शुल्क रु. 40 लाख (200 X रु. 20000) होगा। इस मामले में, सौर घंटा पहुंच 400 मेगावाट होगा और गैर–सौर पहुंच 200 मेगावाट होगी, 50 मेगावाट ईएसएस के अतिरिक्त को ध्यान में रखते हुए।

केस–2: जहाँ दोनों, अर्थात्, भूमि पार्सल परिवर्तन और स्रोत परिवर्तन आवश्यक हैं–

उपर्युक्त उदाहरण में, ऐसे परिवर्तन के लिए लागू शुल्क रु. 50 लाख (200 X रु. 25000) होगा।

नोट: भूमि पार्सल परिवर्तनों और स्रोत परिवर्तन का अनुमोदन क्रमशः विनियम 5.10 और विनियम 9.3 के अनुसार संसाधित किया जाएगा।"

16. मूल विनियमों के विनियम 11क का संशोधनः

16.1 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (1) के प्रथम परंतुक में शब्दों "आईएसटीएस सबस्टेशन को" के बाद और शब्दों "संयोजकता का अंतिम अनुदान" से पहले शब्द "संयोजकता का सिद्धांततः अनुदान या" रखे जाएंगे।

16.2 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (1) के बाद एक नया खंड, यथा, खंड 1(क) निम्नानुसार अंतर्वेशित किया जाएगाः

"(1क) कोई संयोजकता अनुदानग्राही जो कि विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के अधीन कवर किया गया आरईजीएस (हाइड्रो उत्पादन स्टेशन के अलावा) या ईएसएस (पीएसपी को छोड़कर) है, वह जीएनए की प्रभावी तारीख से 60 दिनों के भीतर इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi) के उप–खंड (ख) के अनुसार भूमि के लिए दस्तावेज प्रस्तुत करेगा, यदि उसने इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के उप–खंड (iv) के अनुसार पहले से ही प्रस्तुत नहीं किए।"

16.3 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (2) को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाएगाः

"(2) कोई संयोजकता अनुदानग्राही जो कि आरईजीएस (हाइड्रो उत्पादन स्टेशन के अलावा), ईएसएस (पीएसपी को छोड़कर) या नवीकरणीय विद्युत पार्क विकासकर्ता है, वह जीएनए की प्रभावी तारीख से 30 दिनों के भीतर ऐसी संयोजकता की क्षमता के लिए वित्तीय समापन दस्तावेज (नोडल एजेंसी द्वारा जारी किए जाने वाली विस्तृत क्रियाविधि के अनुसार अन्य विवरणों सहित नेटवर्थ के साथ ऋण स्वीकृति पत्र की प्रति या ऋण राशि के प्रथम संवितरण का प्रमाण या बोर्ड संकल्प की प्रति, यदि आंतरिक निधिकरण परियोजना लागत के 100% के लिए नियोजित है) प्रस्तुत करेगा;

परंतु यह कि यदि इकाई ने इस खंड के अनुसार वित्तीय समापन दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को संपूर्ण क्षमता की सीओडी पहले ही हासिल कर ली है, तो ऐसी इकाई को वित्तीय समापन दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।"

16.4 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (4) के मुख्य पैराग्राफ को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाएगाः

"(4) वह इकाई, जिसने विनियम 5.8 के खंड (xi)(ख) या खंड (xi)(ग) के अधीन संयोजकता के लिए आवेदन किया है और जिसे संयोजकता का सिद्धांततः या अंतिम अनुदान प्रदान किया गया है, पीपीए प्रस्तुत करता है, जैसा कि विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) अधीन पात्र है, (स्वयं द्वारा या अपनी सहायक कम्पनी द्वारा या अपनी पेरेंट कम्पनी द्वारा या ऐसी इकाई की पेरेंट कम्पनी की किसी अन्य सहायक, यथास्थिति, द्वारा किया गया है), आंशिक क्षमता या संपूर्ण क्षमता के लिए, निम्नलिखित के अध्यधीन, विनियम 5.8 के खंड (xi)(ख) या खंड (xi)(ग) से विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के अधीन अपनी संयोजकता के रूपांतरण के लिए नोडल एजेंसी को आवेदन कर सकता है:"

16.5 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (4) के उप–खंड (क) के मुख्य पैराग्राफ में शब्दों "एलओए या" को हटाया जाएगा।

16.6 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (4)(ग) के अधीन उप–खंड (iv) के बाद एक नया उप–खंड (v) निम्नानुसार जोड़ा जाएगाः

"(v) यदि पीपीए रूट में रूपांतरण के बाद भूमि रूट या भूमि बीजी रूट के अधीन बची हुई संयोजकता मात्रा 50 मेगावाट से कम है, तो ऐसी बची हुई मात्रा को ऐसी त्यागी गई मात्रा के लिए कॉन–बीजी3 और भूमि बीजी, यदि कोई हो, की वापसी के साथ त्यागी हुई माना जाएगा और कॉन–बीजी1 और कॉन–बीजी2, यथा लागू, को संयोजकता की रूपांतरित मात्रा के प्रति रख लिया जाएगा।"

16.7 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (4) के उप–खंड (छ) के बाद दो नए उप–खंड, यथा, उप–खंड (ज) और उप–खंड (झ) निम्नानुसार अंतर्वेशित किए जाएंगेः

"(ज) भूमि रूट या भूमि बीजी रूट से पीपीए रूट में परिवर्तन, इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के परंतुक के खंडों (i) से (iii) के अधीन अनुबंधों सहित विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के अनुबंधों के अनुसार होगा।

(झ) कोई इकाई पीपीए रूट के अधीन आवेदन के रूप में भूमि बीजी या भूमि रूट (नगदीकरण आवेदन सहित) के अधीन बहुविध आवेदनों के रूट का रूपांतरण मांग सकती है, जहाँ ऐसे बहुविध आवेदन समान टर्मिनल बे या समान सबस्टेशन पर प्रदान किए गए हैं। ऐसा रूपांतरण इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के परंतुक के खंड (ii) और विनियम 11क के खंड (4) के अनुसार होगा।"

16.8 मूल विनियमों के विनियम 11क के खंड (5) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(5) संयोजकता की सैद्धांतिक मंजूरी या संयोजकता की अंतिम मंजूरी की सूचना के पश्चात् की शर्तें, जिन्हें विनियम 11क के अधीन पूरा किया जाना अपेक्षित है, और सीओडी की प्राप्ति, यथास्थिति, या तो उस इकाई द्वारा, जिसे सैद्धांतिक या अंतिम मंजूरी जारी की गई है, या उसकी मूल कंपनी या उसकी सहायक कंपनी (कंपनियों) द्वारा या ऐसी इकाई की मूल कंपनी की किसी अन्य सहायक कंपनी (कंपनियों) द्वारा पूरी की जाएगी। इन विनियमों के अधीन सभी उत्तरदायित्व, जिनके अंतर्गत, जैसा लागू हो, अन्य बातों के साथ–साथ पीपीए या भूमि या वित्तीय समापन के लिए दस्तावेज प्रस्तुत करना भी है, उस इकाई के बने रहेंगे जिसे सैद्धांतिक या अंतिम मंजूरी जारी की गई है। नोडल एजेंसी को प्रस्तुत किए जाने वाले अपेक्षित दस्तावेजों में उस इकाई द्वारा, जिसके नाम में पीपीए या भूमि या वित्तीय समापन या सीओडी के दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं, जारी किया गया प्राधिकार पत्र सम्मिलित होगा, जो उस इकाई को, जिसे सैद्धांतिक या अंतिम मंजूरी जारी की गई है, उन्हें नोडल एजेंसी को प्रस्तुत करने के लिए समर्थ बनाता हो।"

16.9 मूल विनियमों के विनियम 11ख के खंड (1) में "इन विनियमों के विनियम 11क के खंड (1)," शब्दों के पश्चात् निम्नलिखित शब्द अंतर्वेशित किए जाएंगेः–

"या विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के अंतर्गत आने वाली कोई इकाई इन विनियमों के विनियम 11क के खंड (1क) के अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहती है,"

17. मूल विनियमों के विनियम 15.1 का संशोधन

17.1 मूल विनियमों के विनियम 15.1 के मुख्य पैरा में "और 15.3" शब्दों के स्थान पर "से 15.5" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

18. मूल विनियमों के विनियम 15.3 का संशोधन

18.1 मूल विनियमों के विनियम 15.3 के मुख्य पैरा में "आरईजीएस का कार्यान्वयन करने वाली (जिसके दस्तावेज़ संयोजकता अनुदानग्राही द्वारा इन विनियमों के विनियम 11क(5) के अधीन वित्तीय समापन और सीओडी के अनुपालन को पूरा करने के लिए प्रस्तुत किए गए थे)" शब्दों के स्थान पर "सीओडी प्राप्त करने वाली" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

19. नए विनियम 15.4 और 15.5

19.1 मूल विनियमों के विनियम 15.3 के पश्चात् दो नए विनियम, अर्थात् विनियम 15.4 और विनियम 15.5 जोड़े जाएंगे, अर्थात्:–

"15.4 इन विनियमों के विनियम 15.1 से 15.3, इन विनियमों के विनियम 11क के खंड (6) के अधीन नियंत्रण में अनुज्ञात परिवर्तन के अधीन होंगे।

15.5 यदि वह उत्पादन केन्द्र या ईएसएस, जिसने सीओडी प्राप्त कर लिया है, किसी अन्य इकाई को अंतरित किया जाता है या उसके द्वारा अर्जित किया जाता है, तो सीओडी प्राप्त कर चुके ऐसे उत्पादन केन्द्र या ईएसएस की संयोजकता भी उस इकाई को अंतरित हो जाएगी, जिसे उत्पादन केन्द्र या ईएसएस अंतरित किया गया है या जिसके द्वारा उसे अर्जित किया गया है। यदि कॉन–बीजी विद्यमान हैं, तो उत्पादन केन्द्र या ईएसएस,

कॉन–बीजी को उस इकाई के नाम में प्रतिस्थापित कर सकेगा, जिसे ऐसा उत्पादन केन्द्र या ईएसएस अंतरित किया गया है या जिसके द्वारा उसे अर्जित किया गया है। नोडल एजेंसी ऐसे अंतरण को सम्मिलित करने के लिए संयोजकता करार में पारिणामिक परिवर्तन करेगी।"

20. मूल विनियमों के विनियम 16.2 का संशोधन

20.1 मूल विनियमों के विनियम 16.2 में "उत्पादन क्षमता के अनुरूप पांच वर्षों में पांच समान भागों में" शब्दों के स्थान पर "तत्स्थानी उत्पादन क्षमता के सीओडी की घोषणा से एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् एक सप्ताह के भीतर" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

21. मूल विनियमों के विनियम 17.1 का संशोधन

21.1 मूल विनियमों के विनियम 17.1 के अधीन खंड (iv) का लोप किया जाएगा।

22. मूल विनियमों का नया विनियम 17.5

22.1 मूल विनियमों के विनियम 17.4 के पश्चात् एक नया विनियम, अर्थात् विनियम 17.5 जोड़ा जाएगा, अर्थात्:–

"17.5 आहरणकर्ता इकाइयों के लिए दोहरा संयोजनः आईएसटीएस और अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली से

(1) अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली से संयोजकता रखने वाली कोई आहरणकर्ता इकाई, उस आहरण क्षमता की, जिसके लिए उसके पास अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली से पहले से संयोजकता है, आंशिक मात्रा (50 मेगावाट से अन्यून) या संपूर्ण मात्रा के लिए, संबंधित एसटीयू और वितरण अनुज्ञप्तिधारी, जैसा लागू हो, की सहमति के साथ, जिसमें, यथास्थिति, एसटीयू या वितरण प्रणाली से संयोजकता की मात्रा स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट हो, विनियम 17.1(iii) के अधीन आवेदक के रूप में सीधे आईएसटीएस से संयोजित होने की मांग कर सकेगी। ऐसी इकाई दोनों संयोजनों के लिए अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए विनियमों के अधीन लागू प्रभारों का संदाय करती रहेगी। ऐसे लागू प्रभारों में प्रति–सहायिकी अधिभार (सीएसएस), अतिरिक्त अधिभार, पारेषण प्रभार, व्हीलिंग प्रभार, स्टैंडबाय प्रभार या समुचित आयोग द्वारा अनुमोदित कोई अन्य प्रभार सम्मिलित हो सकेंगे। संबंधित एसटीयू और वितरण अनुज्ञप्तिधारी सहमति के लिए आवेदन पर समयबद्ध रीति से कार्रवाई कर सकेंगे जिससे कि खुली पहुंच सुकर हो सके।

(2) इन विनियमों के विनियम 17.1(iii) के अंतर्गत आने वाला कोई जीएनए अनुदानग्राही, संबंधित राज्य विनियमों के अनुसार, नोडल एजेंसी से इस आशय की सहमति प्राप्त करने के पश्चात् कि ऐसा संयोजन तकनीकी रूप से साध्य है और दोनों संयोजनों के लिए अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए विनियमों के अधीन लागू प्रभारों के संदाय के अधीन रहते हुए, इन विनियमों के विनियम 17.1(iii) के अधीन मंजूर जीएनए की आंशिक मात्रा या संपूर्ण मात्रा के लिए अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली से संयोजित हो सकेगा। ऐसी इकाई, यथास्थिति, एसटीयू या वितरण प्रणाली से संयोजकता की मात्रा की पुष्टि नोडल एजेंसी को करेगी।

(3) इस विनियम के खंड (1) और (2) के अधीन उपबंध जीएनएआरई रखने वाली इकाइयों पर तब तक लागू नहीं होंगे जब तक कि जीएनएआरई को जीएनए में संपरिवर्तित नहीं कर दिया जाता है।"

23. मूल विनियमों के विनियम 20.2 का संशोधन

23.1 मूल विनियमों के विनियम 20.2 का लोप किया जाएगा।

24. मूल विनियमों के विनियम 22.2 का संशोधन

24.1 मूल विनियमों के विनियम 22.2 के खंड (ख–ii) में "विनियम 16" शब्दों के स्थान पर "विनियम 16.1 से 16.4" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

24.2 मूल विनियमों के विनियम 22.2 के खंड (ग) का लोप किया जाएगा।

24.3 मूल विनियमों के विनियम 22.2 के खंड (घ) के मुख्य पैरा के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(घ) इन विनियमों के विनियम 4.1 और विनियम 17.1 के खंड (iii) के अंतर्गत आने वाली इकाइयां जीएनए की मात्रा के लिए एक लाख रुपए प्रति मेगावाट का एकबारगी जीएनए प्रभार जीएनए की प्रभावी तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करेंगी। यदि ऐसे प्रभार इकाई द्वारा विनिर्दिष्ट समय–सीमा के भीतर जमा नहीं किए जाते हैं, तो उनकी वसूली अपेक्षानुसार कॉन–बीजी1, कॉन–बीजी2 और कॉन–बीजी3 के नकदीकरण द्वारा की जाएगी। यदि कोई कॉन–बीजी विद्यमान नहीं है और इकाई अपेक्षित प्रभार जमा नहीं करती है, तो ऐसी इकाई तब तक ग्रिड के साथ कोई संव्यवहार करने के लिए पात्र नहीं होगी जब तक कि इकाई द्वारा प्रभार जमा नहीं कर दिए जाते। ऐसे एकबारगी जीएनए प्रभार के आगमों का उपयोग साझेदारी विनियमों के अधीन मासिक पारेषण प्रभारों को कम करने के लिए किया जाएगाः"

25. मूल विनियमों के विनियम 22.4 का संशोधन

25.1 मूल विनियमों के विनियम 22.4 के खंड (क) के दूसरे परंतुक के पश्चात् एक नया परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात्:–

"परंतु यह भी कि यदि संवर्धन का कोई तत्व या टर्मिनल बे विनियमित टैरिफ तंत्र रीति के अधीन निष्पादित किया जाता है, और ऐसे तत्व का कार्यान्वयन करने वाले अनुज्ञप्तिधारी ने मानित सीओडी के प्रयोजन के लिए ग्रिड संहिता के विनियम 27(1)(ग) के अधीन समापन प्रमाणपत्र के लिए सीटीयू से संपर्क किया है, तो नोडल एजेंसी, जीएनए की प्रभाविता की तारीख के प्रयोजन के लिए, ऐसे तत्व के लिए ग्रिड संहिता के अधीन सीटीयू द्वारा समापन प्रमाणपत्र जारी किए जाने की तारीख को विचार में लेगी, जो आयोग द्वारा ऐसे मानित सीओडी का अनुमोदन करते समय यथा विनिश्चित पुनरीक्षण के अधीन होगी।"

26. नया विनियम 23क

26.1 मूल विनियमों के विनियम 23.3 के पश्चात् एक नया विनियम, अर्थात् विनियम 23क जोड़ा जाएगा, अर्थात्:–

"23क जीएनए का अंतरण

(क) कोई इकाई, जिसे इन विनियमों के विनियम 17.1 के खंड (ii) से (v) के अधीन, पहचाने गए लोड (जीएनए मंजूरी में विनिर्दिष्ट) के लिए एकल बिंदु पर आहरण हेतु जीएनए मंजूर किया गया है, जहां ऐसा लोड अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली या आईएसटीएस से संयोजित है, और जहां ऐसा लोड स्वयं किसी अन्य इकाई को अंतरित किया जाता है या उसके द्वारा अर्जित किया जाता है, जीएनए के अंतरण की मांग कर सकेगी। जीएनए, लोड का स्वामित्व रखने वाली ऐसी नई इकाई को इस शर्त के अधीन अंतरित किया जाएगा कि ऐसे अंतरण की अनुमति केवल जीएनए के प्रभावी होने के पश्चात् दी जाएगी।

(ख) यदि एसटीयू को किसी इकाई की ओर से, पहचाने गए लोड (जीएनए मंजूरी में विनिर्दिष्ट) के लिए एकल बिंदु पर आहरण हेतु, इन विनियमों के विनियम 17.1 के खंड (i) के अधीन जीएनए मंजूर किया गया है, और जहां ऐसा लोड स्वयं किसी अन्य इकाई को अंतरित किया जाता है या उसके द्वारा अर्जित किया जाता है, तो ऐसी इकाई, एसटीयू के माध्यम से, जीएनए के प्रभावी होने के पश्चात्, ऐसे लोड का स्वामित्व रखने वाली नई इकाई को जीएनए के अंतरण की मांग कर सकेगी।

(ग) कोई इकाई, जिसे इन विनियमों के विनियम 17.1 के खंड (vi) के अधीन जीएनए मंजूर किया गया है, और जहां ऐसा उत्पादन केन्द्र या ईएसएस किसी अन्य इकाई को अंतरित किया जाता है या उसके द्वारा अर्जित किया जाता है, जीएनए के अंतरण की मांग कर सकेगी। जीएनए, उत्पादन केन्द्र या ईएसएस का स्वामित्व रखने वाली ऐसी नई इकाई को इस शर्त के अधीन अंतरित किया जाएगा कि ऐसे अंतरण की अनुमति केवल उत्पादन केन्द्र या ईएसएस द्वारा वाणिज्यिक प्रचालन की घोषणा किए जाने और जीएनए के प्रभावी होने के पश्चात् दी जाएगी।

(घ) ऐसे अंतरण पर कार्रवाई उस इकाई द्वारा, जिसे जीएनए मंजूर किया गया था, सभी देयों, यदि कोई हों, का निपटान किए जाने के पश्चात् की जाएगी।

(ङ) कॉन–बीजी को उस इकाई के नाम में प्रतिस्थापित किया जाएगा जिसे ऐसे जीएनए का अंतरण चाहा गया है।

(च) नोडल एजेंसी, जैसा लागू हो, ऐसे अंतरण को सम्मिलित करने के लिए जीएनए करार में पारिणामिक परिवर्तन करेगी।"

27. मूल विनियमों के विनियम 26.1 का संशोधन

27.1 मूल विनियमों के विनियम 26.1 के खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(ख) व्यापार अनुज्ञप्तिधारी, (i) इस विनियम के खंड (क) के अंतर्गत आने वाले क्रेता (क्रेताओं) की ओर से, या (ii) आईएसटीएस में अंतःक्षेपण के प्रयोजन के लिए अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली से संयोजित किसी अंतःक्षेपण करने वाली इकाई या ईएसएस की ओर से, या (iii) इस विनियम के खंड (ङ) के अंतर्गत आने वाली किसी इकाई की ओर से।"

27.2 मूल विनियमों के विनियम 26.1 के खंड (ग) के अंत में ", या (iii) आईएसटीएस में अंतःक्षेपण के प्रयोजन के लिए अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली या वितरण प्रणाली से संयोजित कोई अंतःक्षेपण करने वाली इकाई या ईएसएस, या (iv) इस विनियम के खंड (ङ) के अंतर्गत आने वाली कोई इकाई" शब्द जोड़े जाएंगे।

27.3 मूल विनियमों के विनियम 26.1 के खंड (ङ) के मुख्य पैरा में "विनियम 5.11" शब्दों के स्थान पर "विनियम 4.7 या विनियम 5.11" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

28. मूल विनियमों के विनियम 28.5 का संशोधन

28.1 मूल विनियमों के विनियम 28.5 के खंड (क) के उप–खंड (iv) के परंतुक का लोप किया जाएगा।

29. मूल विनियमों के विनियम 37.6 का संशोधन

29.1 मूल विनियमों के विनियम 37.6 के खंड (1) के उप–खंड (क) और (ख) के मुख्य पैरा में तथा खंड (2) के मुख्य पैरा में "उस वर्ष से, जब ऐसा जीएनए प्रभावी होता है, आरंभ होकर अगले पांच वर्षों में पांच समान भागों में" शब्दों के स्थान पर "जीएनए की प्रभाविता की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् एक सप्ताह के भीतर" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

30. मूल विनियमों के विनियम 37.10 का संशोधन

30.1 मूल विनियमों के विनियम 37.10 के खंड (ख) के उप–खंड (i), (ii) और (iii) में "संयोजन करार" शब्दों के स्थान पर "संयोजकता करार" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

31. नया विनियम 37.11

31.1 मूल विनियमों के विनियम 37.10 के पश्चात् एक नया विनियम, अर्थात् विनियम 37.11 जोड़ा जाएगा, अर्थात्:–

"37.11 चौथा संशोधन विनियमों के संबंध में संक्रमणकालीन उपबंध:

(क) विनियम 3.10 के अंतर्गत आने वाले मामलों के लिए, जहां संयोजकता की अंतिम मंजूरी की सूचना की तारीख से ऐसे 45 दिन (विनियम 3.10(क) के अंतर्गत आने वाले) या संयोजकता की सैद्धांतिक मंजूरी की सूचना की तारीख से दो वर्ष व्यतीत होने के पश्चात् 30 दिन (विनियम 3.10(ग) के अंतर्गत आने वाले) पहले ही व्यतीत हो चुके हैं, ऐसी इकाइयां चौथे संशोधन की प्रभाविता की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर संयोजकता मात्रा को पूर्णतः वापस लेने की मांग करने के लिए पात्र होंगी।

(ख) उन मामलों के लिए, जहां इन विनियमों के चौथे संशोधन की प्रभाविता की तारीख को सीओडी की घोषणा से एक वर्ष व्यतीत हो चुका है, नोडल एजेंसी, इस विनियम की प्रभाविता के एक मास के भीतर, साझेदारी विनियमों के अनुसार पारेषण प्रभारों के देयों, यदि कोई हों, के निपटान के अधीन रहते हुए, वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित तत्स्थानी उत्पादन क्षमता के लिए विद्यमान कॉन–बीजी2 और कॉन–बीजी3 लौटा देगी।

(ग) यदि अतिरिक्त जीएनए इन विनियमों के विनियम 37.6 के खंड (1)(क) और (1)(ख) के अधीन मंजूर किया गया है, और चौथा संशोधन विनियमों की प्रभाविता की तारीख को जीएनए की प्रभाविता की तारीख से एक वर्ष व्यतीत हो चुका है, तो नोडल एजेंसी, इस विनियम की प्रभाविता के एक मास के भीतर, साझेदारी विनियमों के अनुसार पारेषण प्रभारों के देयों, यदि कोई हों, के निपटान के अधीन रहते हुए, यथास्थिति, विद्यमान कॉन–बीजी2 और कॉन–बीजी3 लौटा देगी।

(घ) उन मामलों के लिए, जहां संयोजकता की मंजूरी के लिए आवेदन चौथा संशोधन विनियमों की प्रभाविता से पूर्व नोडल एजेंसी को प्रस्तुत किए गए हैं और वे इन विनियमों के विनियम 6.3 के खंड (क) के अंतर्गत आते हैं, ऐसे आवेदन (आवेदनों) पर इन विनियमों के विनियम 6.3 के खंड (ग) के अधीन अधिसूचित विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

(ङ) उन मामलों के लिए, जहां इकाई को चौथा संशोधन विनियमों की प्रभाविता से पूर्व संयोजकता की सैद्धांतिक या अंतिम मंजूरी जारी की गई है और वे इन विनियमों के विनियम 6.3 के खंड (ख) के अंतर्गत आते हैं, ऐसे आवेदन (आवेदनों) पर इन विनियमों के विनियम 6.3 के खंड (ग) के अधीन अधिसूचित विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

(च) उस मामले के लिए, जहां इकाई इन विनियमों के विनियम 5.8 के खंड (xi)(क) के अंतर्गत आती है और जहां इन विनियमों के विनियम 11क के खंड (2) के अधीन वित्तीय समापन दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख इन विनियमों के चौथे संशोधन की प्रभाविता की तारीख से दो मास के भीतर पड़ती है, किंतु एलओए के अनुसार एससीओडी या पीपीए के अनुसार एससीओडी या विस्तारित एससीओडी से 6 मास पूर्व की अवधि इन दो मासों के पश्चात् पड़ती है, तो ऐसी इकाई को वित्तीय समापन दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए इन विनियमों के विनियम 11क के खंड (2) के अनुसार अंतिम तारीख के पश्चात् अतिरिक्त दो मास दिए जाएंगे।"

32. मूल विनियमों के विनियम 39.1 का संशोधन

32.1 मूल विनियमों के विनियम 39.1 में निम्नलिखित नया परंतुक जोड़ा जाएगा:–

"परंतु नोडल एजेंसी, संयोजकता की आंशिक मात्रा के प्रतिसंहरण या परित्याग की दशा में संयोजकता, सौर घंटा पहुंच और गैर–सौर घंटा पहुंच, कॉन–बीजी, आदि के उपचार के लिए, विनियम 5.2 के खंड (ड) के अंतर्गत आने वाली इकाइयों सहित और परियोजना की संस्थापित क्षमता और ऊर्जा स्रोत में परिवर्तन के पहलू (संस्थापित क्षमता में परिवर्तन की दशा में युक्तियुक्त शुल्क के जमा किए जाने सहित) को सम्मिलित करते हुए, इन विनियमों के विनियम 24.6 के संबंध में विस्तृत प्रक्रिया, हितधारकों के परामर्श के पश्चात् चौथा संशोधन विनियमों की अधिसूचना से 60 दिनों के भीतर आयोग के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगी:

परंतु नोडल एजेंसी, चौथा संशोधन विनियमों के आलोक में, इन विनियमों की अधिसूचना से 60 दिनों के भीतर, हितधारकों के परामर्श के पश्चात्, विस्तृत प्रक्रिया में समुचित पुनरीक्षण जारी करेगी और उसे आयोग की जानकारी के लिए प्रस्तुत करेगी।"

33. मूल विनियमों के उपाबंध–IV का संशोधन

33.1 मूल विनियमों के उपाबंध–IV में खंड (2) के पश्चात् एक नया खंड, अर्थात् खंड (2क) जोड़ा जाएगा, अर्थात्:–

"(2क) इन विनियमों के विनियम 4.7 के अंतर्गत आने वाली इकाई के लिए संयोजकता:

(क) ऐसे आवेदनों पर मार्जिन के भीतर गैर–सौर घंटा पहुंच मंजूर करने के लिए कार्रवाई की जाएगी, और ऐसे आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए आईएसटीएस में कोई संवर्धन नहीं किया जाएगा।

(ख) इन विनियमों के विनियम 4.7 के अंतर्गत आने वाली इकाई, इन विनियमों के विनियम 4.1 के अंतर्गत आने वाली इकाई (जिसे मूल रूप से बे आबंटित किया गया है) के साथ, समर्पित पारेषण प्रणाली की साझेदारी के लिए, जिसमें ऐसी प्रत्येक इकाई को मंजूर संयोजकता की मात्रा के अनुपात में समर्पित पारेषण प्रणाली का उपयोग करने के लिए प्रभारों का संदाय सम्मिलित है, जो पक्षकारों के बीच परस्पर सहमत होगा, एक करार करेगी। साझेदारी करार संयोजकता की अंतिम मंजूरी के 6 मास के भीतर निष्पादित किया जाएगा और नोडल एजेंसी को प्रस्तुत किया जाएगा।

(ग) इस उपाबंध के खंड (1) के उप–खंड (ख) से (ङ), (छ) से (ज) और (ट) से (ड) के अधीन उपबंध स्वतः लागू होंगे।

(घ) इन विनियमों के विनियम 4.7 के अंतर्गत आने वाली इकाई इन विनियमों के विनियम 40 के उपबंधों के अनुसार कॉन–बीजी और एकबारगी जीएनए प्रभार जमा करने के लिए दायी होगी।"

हरप्रीत सिंह प्रुथी, सचिव

[विज्ञापन-III/4/असा./455/2026-27]

नोट:

(i) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली से संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) विनियम, 2022 भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खण्ड 4, सं. 364 में तारीख 19.07.2022 को प्रकाशित किए गए थे।

(ii) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली से संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2023 भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खण्ड 4, सं. 229 में तारीख 06.04.2023 को प्रकाशित किए गए थे।

(iii) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली से संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2023 भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खण्ड 4, सं. 469 में तारीख 01.07.2024 को प्रकाशित किए गए थे।

(iv) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली से संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) (तृतीय संशोधन) विनियम, 2025 भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खण्ड 4, सं. 622 में तारीख 09.09.2025को प्रकाशित किए गए थे।

CENTRAL ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION

NOTIFICATION

New Delhi, the 11th November, 2026

No. L-1/261/2021/CERC.— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 178 and clause (ze) of sub-section (2) of Section 178 read with clause (47) of Section 2, clause (d) of sub-section (2) of Section 38, clause (c) of Section 40 and clause (c) of sub-section (1) of Section 79 of the Electricity Act, 2003 and all other powers enabling it in this behalf and after previous publication, the Central Electricity Regulatory Commission hereby makes the following regulations to amend the Central Electricity Regulatory Commission (Connectivity and General Network Access to the inter-State Transmission System) Regulations, 2022 (hereinafter referred to as "the Principal Regulations") namely:

1. Short Title and Commencement

1.1. These regulations may be called the Central Electricity Regulatory Commission (Connectivity and General Network Access to the inter-State Transmission System) (Fourth Amendment) Regulations, 2026 or 'fourth amendment regulations'.

1.2. These regulations shall come into force with effect from the date of their publication in the Official Gazette.

2. New Definition in Regulation 2.1

2.1. A new clause, namely, clause (b-i) shall be inserted after clause (b) in Regulation 2.1 of the Principal Regulations, as under:

"(b-i) "Authority" shall have the same meaning as defined in sub-section 6 of Section 2 of the Act;"

2.2. Four new clauses, namely, clause (w-i), clause (w-ii), clause (w-iii) and clause (w-iv) shall be inserted after clause (w) in Regulation 2.1 of the Principal Regulations, as under:

"(w-i) "Land BG" means Bank Guarantee furnished under clause (vii)(c) or clause (xi)(c) of Regulation 5.8 of these regulations;

(w-ii) "Land BG route" means route covered under clause (xi)(c) of Regulation 5.8 of these regulations;

(w-iii) "Land route" means route covered under clause (xi)(b) of Regulation 5.8 of these regulations;

(w-iv) "LoA route" or "PPA route" means route covered under clause (xi)(a) of Regulation 5.8 of these regulations;"

3. New Regulation 3.10

3.1. A new Regulation, namely, Regulation 3.10, shall be added after Regulation 3.9 of the Principal Regulations, as under:

"3.10 Notwithstanding anything contained in Regulations 3.7 to 3.9 of these Regulations, an entity shall be eligible to seek withdrawal of full Connectivity quantum (no partial withdrawal shall be permitted), subject to the following:

(a) For cases where final grant of Connectivity has been issued and the time period is two years or more;

(i) between the date of intimation of in-principle grant of Connectivity and the date of intimation of the final grant of Connectivity; or

(ii) between 'likely start date of connectivity' intimated in in-principle grant of Connectivity and start date of Connectivity intimated in final grant of Connectivity (tentative or firm);

And

the request for withdrawal is made to the Nodal Agency within a period of 45 days from intimation of final grant of Connectivity.

(b) For cases where final grant of Connectivity has not been issued even after lapse of two years from the date of intimation of in-principle grant of Connectivity, such entity may also seek withdrawal of full quantum of Connectivity under this Regulation, within a period of 45 days from lapse of two years from intimation of in-principle grant of Connectivity.

(c) The withdrawal shall be processed by the Nodal Agency within a period of 15 days from the date of the withdrawal application, with intimation to the Applicant.

(d) In case the withdrawal application is accepted by the Nodal Agency, all BGs (Conn-BGs and Land BG, as applicable) shall be returned.

(e) Application fee shall be forfeited on withdrawal of the Connectivity."

4. Amendment to Regulation 4.1 of the Principal Regulations:

